भदभदा में 25 करोड़ रुपए की लागत से बनेगा एक्वा पार्क एवं अनुसंधान केंद्र

चर्चा में क्यों?

- 26 सितंबर, 2023 को मध्य प्रदेश के जल-संसाधन, मछुआ कल्याण तथा मत्स्य विकास मंत्री तुलसीराम सिलावट ने भदभदा मत्स्य प्रक्षेत्र भोपाल में 25 करोड़ रुपए की लागत से लगभग 4 एकड़ भूमि पर बनने वाले एक्वा पार्क एवं अनुसंधान केंद्र का भूमि-पूजन किया।

प्रमुख बिंदु

- केंद्र के वित्तीय सहयोग से जलीय जीवों के प्रदर्शन, उनके जीवन अध्ययन और इससे संबंधित पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक्वा पार्क की स्थापना की जा रही है।
- इस अवसर पर मंत्री तुलसीराम सिलावट ने कहा कि मध्य प्रदेश मत्स्य-पालन में अग्रणी है और मछुआरों के क्रेडिट-कार्ड बनाने में देश में प्रथम है। प्रदेश का बालाघाट ज़िला मत्स्य-उत्पादन में देश में प्रथम है।
- मंत्री सिलावट ने बताया कि मत्स्य-पालकों को रुकने और भोजन के लिये भोपाल सहित सभी ज़िलों में भवन बनाए जाने की योजना है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/aqua-park-and-research-centre-will-be-built-in-bhadbhada-at-a-cost-of-rs-25-crore